SEMINAR ON CYBER CRIME







## विद्यार्थियों को बताए साइबर ठगी से बचाव के तरीके

नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम: जीआरपी पुलिस द्वारा रेलवे स्कूल में में छात्र-छात्राओं के बीच साइबर अपराध, चाइल्ड ट्रैफिकिंग और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी, प्राचार्य जयदेव गोस्वामी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। अभियान में कक्षा छठी से बारहवी तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी ने विद्यार्थियों को बताया कि इंटरनेट और मोबाइल के माध्यम से साइबर ठग लोगों को बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी व काल के जरिए ठगते हैं। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, न ही ओटीपी/पासवर्ड किसी को साझा करें। चाइल्ड ट्रैफिकिंग कर अक्सर बच्चों को लालच या बहाने से शहरों में ले जाकर मजदूरी, भीख मंगवाना या अन्य गलत कार्यों में लगाया जाता है। ऐसे मामलों की तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या पुलिस को सूचना दें।

विद्यार्थियों को जानकारी देते थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी। ● नईदुनिया